# ANIMAL CRIME CONTROL

**RIGHTS ★ PROTECTION ★ JUSTICE**

MINISTRY OF SOCIAL JUSTICE AND EMPOWERMENT GOVT. OF INDIA
GOVERNMENT OF INDIA (NITI AAYOG)
GOVERNMENT OF NCT OF DELHI

# आपके सवाल (FAQs)

## 1. एनिमल क्राइम कंट्रोल क्या है ?

एनिमल क्राइम कंट्रोल एक पशु कल्याण कार्य करने वाली **नेशनल ऑर्गेनाइजेशन** है जो पशुओं के अधिकार, सुरक्षा व न्याय के लिए कार्य करती है।

## 2. एनिमल क्राइम कंट्रोल क्या कार्य करती है ?

एनिमल क्राइम कंट्रोल समाज को, पशु प्रेमियों को पशु अधिकारों व कानूनों के बारे में जागरूक करती है।

## 3. एनिमल क्राइम कंट्रोल लोगों की मदद कैसे करती है ?

एनिमल क्राइम कंट्रोल पशुओं के क्या कानून है और क्या कार्यवाही होनी चाहिए इसके बारे में बताती है और कहां पर कैसे शिकायत दर्ज करवाएं इसके लिए भी मार्गदर्शन करती है। प्रशासन के बीच ताल-मेल स्थापित कर पशु-प्रेमियों की शिकायत के निवारण के लिए प्रयास करती है।

## 4. एनिमल क्राइम कंट्रोल का रजिस्टर पता क्या है ?

एनिमल क्राइम कंट्रोल, पांडव नगर, पूर्वी दिल्ली-110092.

## 5. एनिमल कंट्रोल कहां से रजिस्टर है ?

**भारत सरकार** (नीति आयोग), **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय**, **एन.सी.टी ऑफ दिल्ली**, **आई.पी. ट्रेडमार्क ऑफ इंडिया**, **I.S.O सर्टिफाइड** नेशनल ऑर्गेनाइजेशन है।

## 6. एनिमल क्राइम कंट्रोल का संपर्क सूत्र, वेबसाइट व ई-मेल आई-डी क्या है ?

एनिमल क्राइम कंट्रोल का संपर्क सूत्र- **+91-9911551531**

ई-मेल आई डी- **animalcrimecontrol@gmail.com**

वेबसाइट - **www.animalcrimecontrol.com**

## 7. एनिमल क्राइम कंट्रोल को कौन ज्वाइन कर सकता है ?

एनिमल क्राइम कंट्रोल को भारत का कोई भी नागरिक ज्वाइन कर सकता है जिसकी उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक हो और उस व्यक्ति के खिलाफ कोई भी आपराधिक मुकदमा दर्ज ना हो।

## 8. एनिमल क्राइम कंट्रोल ज्वाइन करने के लिए कौन कौन से दस्तावेज जरूरी है ?

एनिमल कंट्रोल को ज्वाइन करने के लिए आधार - कार्ड / वोटर आई डी कार्ड, वर्तमान पत्राचार का पता (POSTAL ADDRESS) व पासपोर्ट साइज फोटो की आवश्यकता होती है।

## 9. एनिमल क्राइम कंट्रोल को जोइनिंग शुल्क कितनी है ?

एनिमल क्राइम कंट्रोल में जॉइनिंग व मेंबरशिप निशुल्क है केवल लागत शुल्क लागू किया जाता है।

## 10. एनिमल क्राइम कंट्रोल को फंडिंग कहां से मिलती है ?

एनिमल क्राइम कंट्रोल किसी भी रुप से किसी भी सरकारी, प्राइवेट या विदेशी साधनों द्वारा फंडिंग नहीं लेती है और ना ही कभी भविष्य में लेगी।

## 11. एनिमल क्राइम कंट्रोल ट्रीटमेंट, शैल्टर और खाना इत्यादि उपलब्ध क्यों नहीं कराती है?

एनिमल कंट्रोल का मुख्य उद्देश्य समाज को जागरूक करना वह पशु कानूनी अधिकारों की दिशा में कार्य करना है हम यह कार्य अच्छे से कर सकें इसलिए हम अन्य प्रकार के कार्य नहीं करते हैं।

## 12. एनिमल क्राइम कंट्रोल डोनेशन क्यों नहीं लेती है ?

एनिमल क्राइम कंट्रोल डोनेशन इसलिए नहीं लेती है क्योंकि हमें इस कार्य में डोनेशन की आवश्यकता नहीं होती है।

## 13. क्या एनिमल क्राइम कंट्रोल मदद करने के लिए पैसे लेती है ?

एनिमल क्राइम कंट्रोल किसी भी कानूनी सहायता या परामर्श के लिए कोई शुल्क नहीं लेती है।

## 14. एनिमल क्राइम कंट्रोल में शिकायत कैसे दर्ज कराएं ?

एनिमल क्राइम कंट्रोल में शिकायत दर्ज कराने के लिए हमारे वेब-पोर्टल www.animalcrimecontrol.com पर अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं, हमारे द्वारा 3 दिन के भीतर आपकी समस्या का जवाब दिया जाता है और आपको उचित मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है।

## 15. एनिमल क्राइम कंट्रोल को देशभर में कैसा रिस्पांस मिल रहा है ?

एनिमल क्राइम कंट्रोल को पूरे भारत देश से अच्छा रिस्पांस मिल रहा है साथ ही लोग चाहते हैं कि एनिमल क्राइम कंट्रोल के सदस्य व अधिकारी पूरे देश में होने चाहिए ताकि पशुओं के साथ हो रही आपराधिक घटनाओं को कम किया जा सके।

## 16. एनिमल क्राइम कंट्रोल में ज्वाइन किसी सदस्य अधिकारी द्वारा संस्था के कार्ड या पहचान का गलत इस्तेमाल किए जाने पर क्या कार्यवाही की जाती है ?

क्राइम कंट्रोल के कार्ड या नाम का गलत इस्तेमाल करने वाले व्यक्ति पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाती है, जिसमें उसका कार्ड व उपलब्ध कराया गया सभी सामान सरेंडर कराया जाता है और उस व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कराई जाती है व संस्था द्वारा सदैव के लिए निष्कासित कर दिया जाता है।

## 17. एनिमल क्राइम कंट्रोल को जॉइन करने पर आईडी कार्ड व किट कितने दिन में और कैसे मिलती है?

जोइनिंग के बाद 25-35 कार्य-दिवस में आई-डी कार्ड व किट इंडिया पोस्ट रजिस्टर पार्सल द्वारा आपके वर्तमान पते पर भेज दी जाती है।

## 18. एनिमल क्राइम कन्ट्रोल को ज्वाइन करने के बाद क्या क्या मिलता है ?

एनिमल क्राइम कंट्रोल को ज्वाइन करने वाले पशु प्रेमियों को पशु कानूनों व अधिकारों के बारे में आधारभूत ज्ञान कराया जाता है, जिससे कि वह स्वयं कार्यवाही करवाने में सक्षम होते हैं वह पूर्ण आदर्श आत्मविश्वास के साथ पशु कल्याण कार्य करते हैं इसके साथ ही उन्हें आई-डी कार्ड, जागरूकता पंपलेट, स्टीकर इत्यादि सामग्री भी उपलब्ध कराई जाती है।

## 19. एनिमल क्राइम कंट्रोल देश भर में अपनी शाखाएं क्यों नहीं खोलती है?

एनिमल क्राइम कंट्रोल किसी प्रकार के डोनेशन से नहीं चलती है और ना ही कोई इनकम सोर्स है इसलिए हम जितनी मदद कर सकते हैं वह हम दिल्ली से ही कर रहे हैं भविष्य में इस बारे में जरूर हम सोचेंगे।

## 20. एनिमल क्राइम कंट्रोल को अगर कोई फेक या स्कैमर या नकली धांधली इत्यादि जैसे शब्दों का उपयोग करते हैं इस पर आपकी क्या टिप्पणी है.?

एनिमल क्राइम कंट्रोल एक रजिस्टर्ड नेशनल संस्था है, जो आवश्यक दस्तावेज एक संस्था के पास होने चाहिए वह सभी हमारे पास है और वह सभी जानकारी हमारे द्वारा सार्वजनिक की जाती है। एनिमल क्राइम कंट्रोल नई संस्था होने के कारण लोग अभी इसके बारे में नहीं जानते हैं इसलिए ऐसे वाक्य बोलना स्वभाविक है।

आज हमारे देश में कई फर्जी (एन.जी.ओ) खोलकर लोग धोखा-धड़ी कर जाते हैं, जिसके कारण लोग संस्थाओं को इस नजरिए से देखने पर मजबूर हो जाते हैं। हमारे देश का संविधान सभी को अपने विचार व्यक्त करने की आजादी देता है इसलिए कोई भी अपने विचार रख सकता है।

## 21. एनिमल क्राइम कंट्रोल मेंबरशिप शुल्क क्यों नहीं लेती है ?

हमारे देश में पशु अपराध बहुत तेजी से बढ़ रहा है क्योंकि समाज में पशु अधिकारों व कानूनों को लेकर जागरूकता की कमी है। पशु प्रेमी जब भी पशु-क्रूरता के खिलाफ आवाज उठाते हैं तब उन्हें बहुत सी समस्याओं का सामना करना पड़ता है, क्योंकि उनके पास पशु कानूनों की पूरी जानकारी नहीं होती है, इसलिए वह अकेले पड़ जाते हैं। पशु प्रेमी कई संस्थाओं के साथ जुड़ना भी चाहते हैं परंतु उनके पास मेंबरशिप या सदस्यता लेने के लिए इतने पैसे नहीं होते हैं, क्योंकि पशु प्रेमी स्वखर्च पर पशुओं को भोजन, पानी, उपचार इत्यादि के द्वारा मदद करते हैं।

एनिमल क्राइम कंट्रोल संपूर्ण भारत में सभी पशु प्रेमियों को आमंत्रित करती है कि आप सभी एनिमल क्राइम कंट्रोल ज्वाइन करें, हमारे द्वारा आपको पशु कानूनों व का आधारभूत ज्ञान दिया जाता है, साथ ही मुफ्त कानूनी सलाह और मार्गदर्शन भी दिया जाता है। अतः जागरूक पशु प्रेमी बने व संगठित होकर पशु कल्याण कार्य करें। अगर पशु-क्रूरता को बड़े स्तर पर रोकना है तो भारत के सभी पशु प्रेमियों व पशु- कल्याणकारी संस्थाओं को एकजुट होकर इस दिशा में कार्य करना होगा, तभी पशुओं के लिए एक सकारात्मक और सुरक्षित समाज की स्थापना की जा सकेगी।

## 22. एनिमल क्राइम कंट्रोल द्वारा प्रशिक्षण कब और कैसे दिया जाता है?

हमारे शिक्षा सहयोगी संस्थान "सम्पूर्ण कौशल विकास संस्थान" (ARSD INSTITUTION) द्वारा हर रविवार को 1 से 2 घंटे का ऑनलाइन प्रशिक्षण ज़ूम ऐप (ZOOM APP) के माध्यम से दिया जाता है।

## 22. प्रशासनिक शुल्क क्या है ?

एक प्रशासनिक शुल्क वह शुल्क है जो रिकॉर्ड रखने और/या अतिरिक्त प्रशासनिक लागतों से संबंधित खर्चों के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार एजेंसी द्वारा लिया जाता है। कुछ अलग-अलग खर्चे इस प्रकार हैं:-

- कानून प्रशिक्षण के लिए
- आई-डी कार्ड प्रिंट के लिए
- अन्य सेवाएं व प्रशासनिक लागत
- जागरूकता स्टिकर पैम्फलेट के लिए
- कूरियर शुल्क - किट पार्सल करने के लिए


# JOIN FROM ALL OVER INDIA

सम्पूर्ण भारत में हमसे जुड़ने के लिए अपना और अपने शहर का नाम व्हाट्सअप करें

FOLLOW US ON: +91-9911551531

animalcrimecontrol@gmail.com Www.animalcrimecontrol.com